आकाशवाणी मध्यप्रदेष से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 06.03.2025 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा उत्तराखंड में पूरे वर्ष पर्यटन के लिए सरकार कर रही है प्रयास।
- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राष्ट्रपति करेंगी राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन।
- भोपाल में 16वें वित्त आयोग की बैठक, प्रदेश की वित्तीय आवश्यकताओं को लेकर हुई चर्चा।
- प्रदेश के आदिवासी अंचलों में होली के पहले भगोरिया उत्सव की धूम, कल से बड़वानी, देवास जिलों में लगेगा मेला।

अब समाचार विस्तार से:–

**प्रधानमंत्री उत्तराखंड**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड को पूरे वर्ष पर्यटन का केंद्र बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। आज उत्तरकाशी में हर्षिल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने राज्य में शीतकालीन पर्यटन के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि अब राज्य में पूरे वर्ष पर्यटन का मौसम रहेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि शीतकाल के दौरान राज्य का प्राकृतिक सौंदर्य अपने चरम पर होता है लेकिन उसी समय होटल और होम स्टे खाली रहते हैं। इस स्थिति को बदलने की जरूरत है।

राज्य में पर्यटन से जुड़े मूलभूत ढांचे के विकास का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने चार धाम सड़क परियोजना और रोपवे परियोजनाओं का उल्लेख किया । उन्होंने उम्मीद जताई की गौरीकुंड-केदारनाथ और गोविंदघाट-हेमकुंड रोपवे परियोजनाओं से यात्रियों को बहुत सहुलियत होगी।

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस**

दुनिया भर में आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाएगा। इस दिन महिलाओं को राष्ट्रीय, जातीय, भाषाई, सांस्कृतिक, आर्थिक या राजनीतिक सीमाओं से

अलग हटकर उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मान दिया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 का विषय है- **'सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए: अधिकार, समानता, सशक्तिकरण।'** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से पहले **नमो ऐप** ओपन फोरम पर अपनी प्रेरक जीवन यात्रा साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया है। प्रधानमंत्री ने एक विशेष पहल के रूप में घोषणा की है कि चयनित महिलाएं अपने विचार और अनुभव अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए आठ मार्च को उनके सोशल मीडिया अकाउंट को संभालेंगी।

वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित इस सम्मेलन की थीम है **"नारी शक्ति से विकसित भारत"।** इस कार्यक्रम में सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक बलों के अधिकारी, दिल्ली पुलिस, माई भारत स्वयंसेवक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और स्वयं सहायता समूह की सदस्य सहित विभिन्न क्षेत्रों की महिलाएं भाग लेंगी। इसके साथ ही **"शी बिल्ड्स भारत"** हैशटैग के साथ एक सोशल मीडिया अभियान भी आयोजित किया जा रहा है।

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के आयोजन के लिए देश भर में उत्साह का माहौल है। इसको लेकर पद्मश्री से सम्मानित भील कलाकार भूरीबाई ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी है। लुप्त होती जा रही भील लोक कलाओं को फिर से जीवंत करने वाली इस कलाकार ने कहा कि बिना पढ़े लिखे होने बावजूद उन्होंने पद्मश्री तक सफर तय किया है। सभी महिलाओं इसी तरह आगे बढ़ना चाहिए।

**गडकरी-महिला सम्मान**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि प्रगतिशील समाज के निर्माण के लिए नागरिकों को छुआछूत, जाति आधारित भेदभाव और असमानताओं से मुक्त होना होगा। नई दिल्ली में आज लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर महिला सम्मान को संबोधित करते हुए श्री गडकरी ने कहा कि इस कार्यक्रम का लक्ष्य समानता पर आधारित समाज का निर्माण करना है।

**आयकर विधेयक संसद**

नए आयकर विधेयक पर संसद भवन में भारतीय जनता पार्टी के सांसद बैजयंत पांडा की अध्यक्षता में प्रवर समिति की बैठक हुई। समिति ने मौखिक साक्ष्य दर्ज करने के लिए अर्न्स्ट एंड यंग के साथ-साथ भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान के प्रतिनिधियों को भी बुलाया था। समिति में 31 सदस्य हैं।

**वित्त आयोग बैठक**

भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे हॉल, में आज 16वें वित्त आयोग की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सहभागिता कर दीर्घकालिक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए भावी वित्तीय आवश्यकताओं जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ल, कैबिनेट के मंत्री सहित सरकार के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने बैठक के बाद कहा कि 16वें वित्त आयोग की बैठक में विस्तार से चर्चा हुई है।

**वॉटरशेड यात्रा**

श्योपुर में आज सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वाटरशेड विकास कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है और शासन द्वारा किसानों को सिंचाई की सुविधा में वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे है। इसी क्रम में पीएम कृषि सिंचाई योजना वाटरशैड विकास कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। इस दौरान जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने वाले 7 लोगों को वाटरशैड योद्धा के रूप में सम्मानित किया गया। सांसद ने जन समुदाय को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वाटरशैड विकास यात्रा रथ को हरी झंडी दिखाई गई। इस यात्रा के माध्यम से 12 मार्च तक परियोजना क्षेत्र के ग्रामों में जन जागरण किया जायेगा

**भगोरिया हाट**

प्रदेश के आदिवासी बहुल जिलों में होलिका दहन के सात दिवस पूर्व से प्रारंभ होने वाला उमंग एवं उल्लास का पर्व भगौरिया मनाया जा रहा है। बड़वानी जिले में 7 से 13 मार्च

तक इसे मनाया जायेगा। उत्सव की शुरूआत 7 मार्च को मेणीमाता, बोकराटा, ठीकरी, मोयदा, तलवाड़ा डेब, वरला, झोपाली ग्रामों से होगी। इसी तरह देवास जिले के उदयनगर में भी भगोरिया हाट की शुरुआत कल से हो रही है कल पोलाखाल और ओखला में हाट लगेंगे। इनमें मांदल की थाप पर नाचते लोक कलाकारों को देखने दूर दूर से लोग पहुंचते हैं।

**जल प्रदाय योजना**

मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा देवास जिले के नेमावर में जल प्रदाय परियोजना का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत नेमावर क्षेत्र में शुद्ध जल आपूर्ति के लिए अत्याधुनिक जल शोधन संयंत्र का निर्माण किया जा रहा है। परियोजना की लागत लगभग 21 करोड़ रूपये है। यह संयंत्र क्षेत्र की जल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके साथ ही खातेगांव नगर परिषद क्षेत्र में नर्मदा जल की आपूर्ति के लिए नर्मदा तट पर नवीन इंटेक वेल का निर्माण भी तेज गति से जारी है। प्रत्येक घर तक शुद्ध जल पहुँचाने के लिए लगभग 37 किलोमीटर लंबी जल वितरण लाइन बिछाई जा रही है, जिसमें से अब तक 13 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है। इस योजना से करीब 1200 घरों को नल जल कनेक्शन दिए जाने हैं।

**श्रीकृष्ण पाथेय**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण पाथेय के संदर्भ में मध्यप्रदेश और राजस्थान सरकार एकमत है। उन्होंने कहा कि गुजरात सरकार से सहयोग लेकर इस दिशा में काम किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज मुख्यमंत्री निवास में श्रीकृष्ण पाथेय के संबंध में विषय विशेषज्ञ समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रहे थे।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में...**

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर आकाशवाणी भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। इस अवसर पर वे वृक्षारोपण भी करेंगी।
- प्रदेश में 8 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इसमें बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को आपसी समझौतो से निराकृत किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए आगे आयें।

- शिवपुरी में आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना के तहत गांधी पार्क में 178 जोड़ों का विवाह और पांच जोड़ों का निकाह हुआ। प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर इस मौके पर मौजूद रहे।
- भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने आज जिले के बैरसिया ब्लॉक का दौरा कर विकास कार्यों और योजनाओं की प्रगति का निरीक्षण किया।
- शहडोल जिले में आयुष विभाग के डॉक्टर, अधिकारी व कर्मचारी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक विशेष अभियान के तहत शहर से लेकर गांव तक अपने अपने क्षेत्रों में लोगों को योग सिखाएंगे।
- राजगढ कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने जिले में मिलावटी दूध के व्यापार की रोकथाम के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।
- अशोकनगर में राज्य आनंद संस्थान द्वारा आयोजित अल्पविराम कार्यक्रम के कल समाप्त हुए पहले बैच में प्रदेश भर के 33 जिलों से आए तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों ने भाग लिया।

**मुख्य समाचार एक बार फिर ....**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा उत्तराखंड में पूरे वर्ष पर्यटन के लिए सरकार कर रही है प्रयास।**
- **अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राष्ट्रपति करेंगी राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन।**
- **भोपाल में 16वें वित्त आयोग की बैठक, प्रदेश की वित्तीय आवश्यकताओं को लेकर हुई चर्चा।**
- **प्रदेश के आदिवासी अंचलों में होली के पहले भगोरिया उत्सव की धूम, कल से बड़वानी, देवास जिलों में लगेगा मेला।**

....................